समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले से डिफेसं शेयरों के लगे पंख, निवेशकों मे खंरीदने की होड़ l

Publisher

Published on 07 May 2025



## भू-राजनीतिक तनाव की वजह से जरूर एक दिन पहले डिफेसं के स्टॉक्स पर भारी दबाव था, लेकिन भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के चलाए जाने के बाद इसके शेयर मे नंया जोश दिख रहा है.

भारत की तरफ से बुधवार यानी 7 मई 2025 को तड़के पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया. ये साल 1971 के बाद पहला ऐसा मौका था जब भारतीय सेना के तीनों अंगों की तरफ से साझा अभियान को अंजाम दिया गया और पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर जवाब हमले किए गए.

ऑपरेशन सिंदूर की वजह से जहां एक तरफ पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम दिखा और वहां पर निवेशक काफी सहमे दिखे तो वहीं कराची स्टॉक इंडेक्स में बुधवार को करीब 600 अंक की भारी गिरावट आयी.

ऑपरेशन सिंदूर का असर
भारतीय डिफेंस कंपनियों के शेयरों में नया जोश दिख रहा है. मझगांव डॉक शपबिल्डर्स में 2 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) में एक प्रतिशत और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स (HAL) के शेयर करीब एक प्रतिशत तक उछल गया. निफ्टी डिफेंस इंडेक्स भी एक प्रतिशत ऊपर चढ़ा. इसके अलावा, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के शेयर भी फोकस में है.

एचएएल बेंगलुरू की एक एयरोस्पेस पीएसयू है, जो हल्के लड़ाकू विमान तेजस और सुखोई Su-30MKI बनाती है. बीडीएल लक्ष्यभेदी मिसाइल, पानी में मार करने वाले हथियार और आकाश मिसाइल के साथ अन्य भारतीय सेना के लिए हथियारों का निर्माण करती है. इसके अलावा, अगर बीईएल रक्षा संचार उपकरणों के साथ ही रेडार, नौसेना से जुड़े उपकरण और अन्य युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाती है.

डिफेंस शेयर खरीदने की होड़

हालांकि, भूराजनीतिक तनाव की वजह से जरूर एक दिन पहले डिफेंस के स्टॉक्स पर भारी दबाव था, लेकिन भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के चलाए जाने के बाद इसके शेयर में नया जोश दिख रहा है.

एक्सपर्ट्स की मानें तो डिफेंस स्टॉक की खरीदारी में तेजी और निवेशकों में होड़ के पीछे लोग ये मान रहे हैं कि आने वाले दिनों में डिफेंस के प्रोडक्शन में भारी इजाफा हो सकता है. ऐसे में सरकार इसकी खरीद और बढ़ा सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.